लोक सभा अध्यक्ष ने स्लोवेनिया के संसदीय शिष्टमंडल से मुलाक़ात की

नई दिल्ली, 26 नवम्बर, 2015 : स्लोवेनिया गणराज्य की नेशनल असेंबली के प्रेजिडेंट, महामहिम, डॉ मिलान बर्गलेज़ के नेतृत्व में स्लोवेनिया के संसदीय शिष्टमंडल ने आज संसद भवन में लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन से मुलाक़ात की ।

2014 में स्लोवेनिया की नई नेशनल असेंबली के गठन और डॉ बर्गलेज़ के नेशनल असेंबली के प्रेजिडेंट के रूप में चुने जाने पर उन्हें बधाई देते हुए, श्रीमती महाजन ने कहा कि भारत और स्लोवेनिया के बीच द्विपक्षीय संबंध बढ़ते हुए प्रौद्योगिकीय, वैज्ञानिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सहयोग पर आधारित हैं ।

श्रीमती महाजन ने स्लोवेनिया की सरकार को आर्थिक मंदी से उबरने पर बधाई दी और आशा व्यक्त की कि विकास के इस रुझान से भारत के साथ प्रौद्योगिकी और उद्यमिता के क्षेत्र में अधिक भागीदारी विकसित करने में आसानी होगी। इस संबंध में उन्होंने आशा व्यक्त की कि दोनों देशों की संसदें "मेक इन इंडिया" , "डिजिटल इंडिया"' "स्मार्ट सिटीज", "क्लीन इंडिया" जैसे कार्यक्रमों में स्लोवेनिया की अधिक भागीदारी को बढ़ावा देंगी। उन्होंने यह आशा भी व्यक्त की कि दोनों संसदें आतंकवाद रोधी उपायों, प्रत्यर्पण संधि और अपने अपने देशों में सजा देने से संबंधित करारों को जल्दी ही अंतिम रूप देंगी ।

इसके उत्तर में, महामहिम, डॉ मिलान बर्गलेज़ ने लोक सभा अध्यक्ष को शानदार मेजबानी के लिए धन्यवाद दिया।